भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-397
दिनांक 02 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न

मवेशियों की मौत

397. श्री पी. वी. मिधुन रेड्डीः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति गोशाला में नौ महीनों से अधिक समय तक प्रत्येक माह औसतन दस मवेशियों की मृत्यु होने की सूचना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा इसके कारणों का पता लगाने के लिए किसी जांच या तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार का मवेशियों की मौत के संबंध में विस्तृत आंकड़े जारी करने और इस मुद्दे के समाधान के लिए एक समिति गठित करने के लिए राज्य सरकार को हस्तक्षेप करने या सलाह देने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) से (ग): आंध्र प्रदेश के पशुपालन निदेशालय, ने सूचित किया है कि तिरुपति गोशाला एक स्वतंत्र संस्था है जिसका पशु उपचार और पशु चिकित्सा सेवाओं के लिए अपना स्वयं का तंत्र है। आवश्यकता पड़ने पर वे गोशाला के निकट स्थित पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय, तिरुपति के विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेते हैं। इसलिए, तिरुपति गोशाला में गोपशुओं की मृत्यु के संबंध में जानकारी उपलब्ध नहीं है।

******